मसौढ़ी में ब्रांडेड कंपनियों का नकली सामान बेचनेवाला गिरोह सक्रिय, तीन लाख का नकली सामान जब्त - DUPLICATE GOODS SALE

पटना: मसौढ़ी स्थित जहानाबाद रोड स्थित कृष्णापुरी मोहल्ले में विभिन्न कंपनियां के कॉस्मेटिक एवं मेडिसिन की रि पैकिंग का धंधा जोर-शोर से चल रहा था. गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को ब्रांड प्रोटक्शन सर्विसेज और मसौढ़ी थाना की पुलिस ने संयुक्त छापेमारी की. ताला तोड़कर बंद कमरे से बहुत सारी नकली दवाइयां, तेल और कॉस्मेटिक सामान जब्त किया गया.

"ब्रांड प्रोटक्शन सर्विसेज कंपनी के कर्मचारी और मसौढ़ी पुलिस की संयुक्त छापेमारी में एक किराए के मकान में ताला तोड़कर तकरीबन 3 लाख का कॉस्मेटिक प्रोडक्ट एवं मेडिसिन जब्त किया गया है. रिपैकिंग की जा रही थी. आरोपी फरार है."

क्या है मामला: ब्रांडेड प्रोटक्शन सर्विसेज के छापेमारी दल के कर्मचारी मन्नू कुमार सिंह ने बताया कि कृष्णापुरी मोहल्ले में किराए के मकान में अंकित कुमार कई कंपनियां के समान की री पैकेजिंग कर उसे आधे दाम में बेचने का धंधा कर रहा था. यह जानकारी मिलने के बाद इसका सत्यापन कराया गया. जिसके बाद की गयी छापेमारी में तकरीबन 3 लाख का सामान जब्त किया गया है. जब्त सामान में कई कंपनियों के प्रोडक्ट शामिल हैं.

मसौढ़ी बाजार में हड़कंप: पुलिस के अनुसार नकली सामान तैयार करने का आरोपी अंकित कुमार, संपतचक का रहने वाला है. मसौढ़ी थाना में उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. पुलिस, अंकित को गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई कर रही है. इस छापेमारी से मसौढ़ी बाजार में हड़कंप मच गयी. मसौढ़ी बाजार में कई कंपनियों की नकली कॉस्मेटिक और मेडिसीन बिकने की खबर से लोग चिंतित हैं.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/duplicate-goods-sale-in-masaurhi-police-conducted-raid-bihar-news-brs24122105514